# गंदगी करने व पॉलीथीन का उपयोग करने पर 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा गंदगी करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग करने पर 10 मार्च को नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा खण्डेलवाल नमकीन स्टेशन रोड पर 1500, रामचन्द्र व एक अन्य चांदनी चौक पर 500-500, अन्नपूर्णा चाय गौशाला रोड, संजय फ्रीगंज, छप्पन भोग कालिका माता पर 250-250, रामजी बाजना बस स्टैण्ड पर 100, राधा, इमरान दो बत्ती व एक अन्य गौशाला रोड पर 50-50 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी न करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं, तो उन पर 50 रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है, तो उस पर 5000/- रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

प्रसारण

# गंदगी फैलाने और पालीथिन का उपयोग करने वाले 10 व्यक्तियों पर स्पाट फाइन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के बाद नगर निगम के दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा खंडेलवाल नमकीन स्टेशन रोड पर 1500, रामचंद्र व एक अन्य चांदनी चौक पर 500-500, अन्नपूर्णा चाय गोशाला रोड, संजय फ्रीगंज, छप्पन भोग कालिका माता पर 250-250, रामजी बाजना बस स्टैंड पर 100, राधा, इमरान दो बत्ती व एक अन्य गोशाला रोड पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी नहीं करने व 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि द्वारा की गई।

अग्निपथ

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 11 दिनांक 12/03/2021



# नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिला शहर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक गांधी उद्यान में संपन्न हुई। इस बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर, सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधी कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर पूरे शहर में एक जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शेरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाहा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरेशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बुशरा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीलेश शर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवेसर, राकेश झालानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, महिला सेवा दल अध्यक्ष संगीता ककरिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ, शैलेंद्र सिंह अठाना, हिम्मत जैलवार, हितेश पेमाल, बबीता नगर, साबिर हुसैन, पुष्पा यादव, दीप्ति दीक्षित, कैलाश सोलंकी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पूर्व पार्षद, वार्ड अध्यक्ष एवं संभावित कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास ने किया। आभार प्रदर्शन विनोद मिश्रा मामा ने किया।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार--प्रसारण--पृष्ठ 05 दिनांक 12/03/2021

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जाएगा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 10 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 724 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 10 मार्च बुधवार को जावरा रोड व डी-मार्ट से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–पृष्ठ 09 दिनांक 12/03/2021

**ऐसा पहली बार :** आज मुख्यमंत्री शिवराज ऑनलाइन करेंगे विमोचन

# अब निकायों का भी घोषणा-पत्र, बताएंगे कि 5 साल में क्या करेंगे


**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com


**भोपाल.** स्थानीय चुनाव की अधिसूचना से पहले राजनीतिक पार्टियों की तर्ज पर अब नगरीय निकाय भी सरकार के इशारे पर घोषणा-पत्र तैयार कर उसे जारी करेंगे। घोषणा-पत्र में निकाय आम जनता और सरकार को बताएंगे कि वे पांच साल में स्थानीय जनता को क्या-क्या सुविधाएं देंगे और जनता के हित में वे क्या काम करेंगे। निकायों का पांच साल का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या होगा।

पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब स्थानीय चुनाव से पहले निकायों के घोषणा-पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसमें वार्डों में होने वाले विकास कार्यों की अलग-अलग जानकारी होगी। महिला, बच्चों, और बुजुर्गों के हित और संरक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के रोडमैप का भी उल्लेख होगा। पंचवर्षीय योजना के नाम से जारी होने वाले इस पत्र में यह बताया जाएगा कि वर्तमान में उनके यहां क्या सुविधाएं दी जा रही हैं और वे पांच साल में साल-दर-साल क्या काम करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 12 मार्च को इसका विमोचन करेंगे।



## रोजगार से लेकर स्वास्थ्य-शिक्षा तक

### मूलभूत सुविधाएं

**निकायों** का फोकस स्वास्थ्य-शिक्षा, गरीबी उन्मूलन, रोजगार सेक्टर को बढ़ावा देने पर होगा। उसमें यह भी बताया जाएगा कि वे इस काम को किस तरह से करेंगे और इसमें निजी संस्थाओं की कितनी भागीदारी होगी।

- **घोषणा-पत्र** में 5 से 10 साल की उपलब्धियों से आम जनता को अवगत कराया जाएगा। इसे जन-जन तक पहुंचाने मिशन नगरोदय आयोजित होगा। हर वार्ड में कार्यक्रम होंगे, जहां इसे लोगों को बांटा जाएगा।

### आय-व्यय के स्रोत

**घोषणा-पत्रों** में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। इसमें निकाय के आय-व्यय की भी जानकारी आम जनता को दी जाएगी।

- **नगर निगम**, नगर पालिका, नगर परिषद आदि बताएंगे कि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए किन-किन माध्यमों का सहारा लेंगे। इससे उन्हें हर साल चरणबद्ध तरीके से कितना-कितना लाभ मिलेगा, पत्र में इसकी भी जानकारी होगी।


## निकायों को आज सरकार देगी सौगात



सीएम शिवराज सिंह चौहान 12 मार्च को मिशन नगरोदय कार्यक्रम में निकायों को सौगातें देंगे। इसके तहत सीएम विभिन्न योजनाओं में करीब 3300 करोड़ रुपए हितग्राहियों को ट्रांसफर करेंगे। इसमें पीएम आवास की दूसरी किस्त जारी होगी। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेज-3 के अंतर्गत अमृत योजना, स्मार्ट सिटी और निकाय मद के विकास कार्यों के भूमिपूजन और शिलान्यास होंगे। निकाय की सड़कों के मरम्मत के लिए राशि भी सिंगल क्लिक के माध्यम से की जाएगी।

# सीएम आज करेंगे मिशन नगरोदय का शुभारंभ, होगा सीधा प्रसारण

## आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जाएगा



रतलाम। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन नगरोदय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से दोपहर दो बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम द्वारा अलकापुरी स्थित कम्यूनिटी हाल (अटल सभागृह) में एलइडी के माध्यम से किया जायेगा।

देश की आजादी के 75 साल के महोत्सव (आजादी का अमृत महोत्सव) की शुरुआत भी शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। प्रदेश में इस कार्यक्रम को मिशन नगरोदय से जोड़ने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को प्रत्येक निकाय के कार्यक्रम में गांधीजी, सरदार पटेल और नेताजी सुभाषचंद्र के फोटो रखे जाएंगे। स्थानीय स्तर पर आजादी की लड़ाई के बड़े नायक के होने पर उन्हें सम्मान दिया जाएगा। आजादी की लड़ाई में स्थानीय तौर पर कोई महत्वपूर्ण घटना हुई है तो उसका स्मरण किया जाए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के समस्त एसडीएम एवं निकाय सीएमओ को निर्देशों के पालन के लिए कहा है।

अमृत महोत्सव में भाजपा द्वारा सभी मंडलों में शहीदों का पुण्य स्मरण किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने बताया की शाम 6 बजे शहीद चौक पर शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम होगा। अमृत महोत्सव कार्यक्रम भी होगा।

## सीएम आज करेंगे मिशन नगरोदय की शुरुआत

रतलाम. राज्य के नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को गति देने तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को पंहुचाने के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन नगरोदय कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान करेंगे। भोपाल से दोपहर 2 बजे से किया जायेगा जिसका सीधा प्रसारण नगर निगम द्वारा अलकापुरी स्थित कम्यूनिटी हॉल (अटल सभागृह) में एलईडी के माध्यम से किया जायेगा।

## रतलाम में मनेगा आजादी का अमृत महोत्सव

रतलाम. आजादी के 75 साल के महोत्सव (आजादी का अमृत महोत्सव) की शुरुआत रतलाम में भी होने जा रही है। कार्यक्रम की देश व्यापी शुरुआत 12 मार्च से हो रही है। रतलाम में भी महोत्सव मनेगा। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के सभी एसडीएम एवं नगर निकाय के पदाधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम अपने यहां पर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक निकाय के कार्यक्रम में महात्मा गांधी, सरदार पटेल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के फोटो रखे जाए। कन्यापूजन के बाद इन तस्वीरों पर सम्मान अर्पण किया जाए। अगर कोई स्थानीय स्तर पर आजादी की लड़ाई के बड़े नायक है, जैसे चंद्रशेखर आजाद, तात्या टोपे, संग्राम शाह इत्यादि, तो उनको भी सम्मान दिया जाए। कार्यक्रम की शुरुआत में आजादी के अमृत महोत्सव का महत्व बताया जाए। अगर आजादी की लड़ाई में स्थानीय जिला/ शहर में कोई महत्वपूर्ण घटना हुई है तो उसका स्मरण किया जाए।

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर के मध्य बीचों-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है। पूरे शहर में ड्रेनेजअंडर ग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है, लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनीवासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है, वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है, जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है? जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, तब कॉलोनी में क्यों नहीं लगा रहे हैं, थोड़े दिन लगाए भी थे, लेकिन फिर काम रोक दिया गया, इससे कॉलोनीवासियों में तीव्र आक्रोश है।

समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह राठौड़, राम कुमार राठौड़, सूबेदार सिंह, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारिख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी, मनोहरलाल परमार, हितेन्द्र परमार, ओम प्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा, विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहा कि निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं, अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

रतलाम ■ राज न्यूज़ नेटवर्क

शहर के मध्य बीचो-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनी वासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब कॉलोनी में क्यो नहीं लगा रहे है थोड़े दिन लगाए भी थे लेकिन फिर काम रोक दिया गया इससे कॉलोनी वासियों में तीव्र आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित श्री नरेंद्र सिंह राठौड़, श्री प्रहलाद सिंह राठौड़, राम कुमार राठौड़, श्री बीएस परिहार, आरसी गहलोत, सूबेदार सिंह राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारीख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी मनोहर लाल परमार, हितेन्द्र परमार, ओम प्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहा की निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जावेगा।

## राजस्व कालोनी के साथ भेदभाव

रतलाम। शहर के मध्य स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कालोनी में निगम प्रशासन द्वारा भेदभाव किया जा रहाहै। पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है, लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कालोनीवासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है, वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे कालोनीवासियों में आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित नरेंद्रसिंह राठौर, प्रहलादसिंह राठौर, रामकुमार राठौड़, बीएस परिहार, आरसी गेहलोत, सूबेदारसिंह, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारीख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी, मनोहरलाल परमार, हितेंद्र परमार, ओमप्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा, विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहा कि निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया नहीं करवाने पर आंदोलन किया जाएगा।

## 724 मवेशी गोशाला भेजे

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 724 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। जावरा रोड व डी-मार्ट से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## अनुपस्थित 31 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों जोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान बुधवार को बिना सूचना के 31 सफाई संरक्षकों के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया। अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है।

## सायर चबुतरा के पास 12 मार्च को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किए गए है, इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

## आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

## 138 दिनों में ठीक किए 163 वाल्व व 911 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वाल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 138 दिनों में 163 वाल्व व 911 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। बुधवार को गोमदड़े की पुल, जवाहर नगर पप्पू की दुकान के बाहर, सर्वोदय नगर दरगाह के पास, गोशाला के सामने व दीनदयाल नगर साईं मंदिर के पास पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए।

उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## अनुपस्थित 31 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम. निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान बुधवार को बिना सूचना 31 सफाई संरक्षक कार्य से गायब थे। अब इनके खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिवस का वेतन काटकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

## अनुपस्थित 31 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 10 मार्च बुधवार को बिना सूचना के 31 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में जीरो वेस्ट का कार्य निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है, वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। जीरो वेस्ट वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में 2–2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर के पहुंचे वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छटती कर एकत्रित किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएँ अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग–अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराए गए है। इन्हें वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार--पत्रिका---पृष्ठ ..02.. दिनांक..12/03/...2021

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जगह-जगह दिया गया स्वच्छता का संदेश

# शिवभक्तों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को शहर के हजारों नागरिकों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

गुरुवार को अलसुबह से ही शिव मंदिरों पर नगर निगम के स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम शुरु हो चुके थे। गढ़कैलाश, काशी विश्वनाथ, मनकामनेश्वर, अमरेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही मंदिर में आए शिवभक्तों को सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है। पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 01 दिनांक 12/03/2021

# सर्वे के बीच लापरवाही : 31 कर्मचारी नहीं आए ड्यूटी पर, गंदगी करने पर 10 लोगों पर जुर्माना

## तीसरे दिन भी हुआ गार्बेज फ्री सिटी का सर्वे, कर्मचारियों की कार्यशैली में नोटिस से बदलाव नहीं आ रहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई की सालाना परीक्षा शुरू हो गई है। क्यूसीआई की टीम शहर में गार्बेज फ्री सिटी स्टार रैंटिंग सर्वे कर रही है। बावजूद नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मनमानी जारी है। गुरुवार को 31 सफाई कर्मचारी बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहे। यूं तो आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी को नोटिस जारी कर दिया है। इसमें एक दिन का वेतन काटने, अस्थाई को बर्खास्त करने तथा स्थाई को निलंबित करने को लेकर जवाब मांगा है। कर्मचारियों की कार्यशैली में नोटिस से कोई बदलाव नहीं आ रहा है क्योंकि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस ही दिए जा रहे हैं। जानकारों का मानना है कि कठोर कार्रवाई होने पर ही रवैया सुधरेगा।



घर-घर से कचरा इकट्ठा करती स्व सहायता समूह की महिलाएं।

### शहर के 6 वार्ड जीरो वेस्ट बने

दस दिन कोशिश के बाद नगर निगम ने शहर के वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट बना दिया है। इनमें रोजाना दो-दो कचरा कलेक्शन वाहन भेजा जा रहा है। इनके साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा घर-घर से गीला व सूखा कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। इसमें गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजकर कम्पोज खाद बनाई जा रही है। प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सहित अन्य सूखे कचरे को अलग-अलग करके कबाड़ में बेचा जा रहा है।

**10 पर स्पॉट फाइन** - सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन वसूला। निगम के दल ने खंडेलवाल नमकीन स्टेशन रोड से 1500 रुपए, रामचंद्र व एक अन्य चांदनी चौक पर 500 रुपए, अन्नपूर्णा चाय गोशाला रोड, संजय फ्रीगंज, छप्पन भोग कालिका माता पर 250, रामजी बाजना बस स्टैंड पर 100 रुपए, राधा, इमरान दो बत्ती व एक अन्य गोशाला रोड पर 50 रुपए का जुर्माना लगाया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय ने की। भास्कर